मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री कल प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को भी संपत्ति कार्ड करेंगे वितरित ।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज की मध्यप्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों पर अमल की समीक्षा ।
- सीहोर में शुरू हुआ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, उपचार के साथ शोध के भी इंतजाम ।
- क्रिकेट खिलाड़ी टीम के दौरों पर अब न तो परिवार ले जा सकेंगे और न ही निजी कर्मचारी, बोर्ड ने लगाया प्रतिबन्ध।

अब समाचार विस्तार से:—

**पीएम - स्वामित्व योजना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दस राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे।

प्रधानमंत्री प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को भी ई-वितरण कार्यक्रम में सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। श्री मोदी योजना के लाभार्थी कार्ड-धारकों के साथ वर्चुअल संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम होगा, जिसमें केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायक सहभागिता करेंगे। स्वामित्व योजना प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी भूमि पर 25 सितम्बर, 2018 के पूर्व निवास करने वाले व्यक्तियों को अधिकार अभिलेख प्रदान करने की योजना है। इसका प्रारंभ 7 जुलाई, 2020 को किया गया।

**आपराधिक कानून समीक्षा**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज मध्यप्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों पर अमल की समीक्षा की। नई दिल्ली में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे. इसमें पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित प्रावधानों पर अमल और वर्तमान स्थिति की समीक्षा

की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि ई-समन प्रणाली लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। इस नई व्यवस्था के लिए श्री शाह ने प्रदेश की सराहना की और अन्य राज्यों को इसका अनुसरण करने की सलाह दी। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन और पुलिस महानिरीक्षक श्री कैलाश मकवाना सहित राज्य और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के लोगों की आकांक्षाओं से संचालित भारत का ओटोमोबाईल क्षेत्र अभूतपूर्व कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में छह दिन के भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश के ऑटो उद्योग में पिछले वर्ष बारह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई।

**सिंधिया-संचार साथी**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज कहा है कि भारत दूर-संचार और डिजिटल क्षेत्रों में विश्व का अग्रणी देश बन गया है। उन्होंने आज नई दिल्ली में डिजिटल भारत निधि पोषित 4जी मोबाइल साइट्स पर संचार साथी मोबाईल ऐप, राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 और इंट्रा सर्किल रोमिंग का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यूपीआई के जरिए देश में पिछले वर्ष लगभग 247 लाख करोड़ रूपये के करीब 172 अरब लेनदेन हुए हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि संचार साथी पहल संरक्षक के रूप में कार्य करेगी और प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

**राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर**

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर का उद्घाटन आज केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया । संस्थान 25 एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया है, जिसकी प्रारंभिक परियोजना लागत 127 करोड़ रुपये है। इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वंचित वर्ग के प्रति समर्पण का यह परिणाम है कि देश का 10 वां राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर में शुरू हुआ है.

इस संस्थान में मानसिक रोगियों के इलाज के साथ शोध भी किए जाएंगे. इसके अलावा विभिन्न प्रकार के डिग्री और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू हो रहे है जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.

**महाकुम्भ हस्तशिल्प**

प्रयागराज में महाकुंभ संस्कृति के साथ साथ हस्तशिल्प के लिए भी वरदान साबित हो रहा है. यहाँ एक जिला एक उत्पाद खासतौर पर आकर्षण का केंद्र हैं. पेश है प्रयागराज से हमारे संवाददाता आनंद पाठक की एक रिपोर्ट:

**कुम्भ सांस्कृतिक संगम**

प्रयागराज में महाकुंभ में सांस्कृतिक संगम में श्रद्धालुओं को मनोरंजन के साथ अध्यात्म और संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां देखने को मिल रही हैं. कार्यक्रम के पहले दिन प्रस्तुति देते हुए गायक शंकर महादेवन ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया.

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर, पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने द्रोणाचार्य पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार से भी प्रदान किए। राष्ट्रपति ने जबलपुर की पैरालंपिक खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस और सीहोर के पैरा जूडो खिलाड़ी कपिल परमार को भी अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया।

**क्रिकेट अनुशासन**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम में अनुशासन और एकता को बढ़ावा देने के लिए 10 सूत्री नीति लागू की है। इस नीति में घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाया गया है। बोर्ड ने टीम के दौरों पर परिवारों और निजी कर्मचारियों की उपस्थिति पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। खिलाड़ी चल रही श्रृंखलाओं के दौरान निजी स्तर पर

विज्ञापन नहीं कर सकेंगे। नीतियों का पालन नहीं करने पर खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

**समाचार संक्षेप में...**

- जबलपुर नेताजी सुभाष चंद्र बोस केन्द्रीय कारागार से 26 जनवरी को 11 कैदियों को रिहा किया जाएगा। इन 11 कैदियों में 10 पुरुष और 1 महिला कैदी शामिल हैं।
- मंदसौर जिले की पुलिस ने ऑपरेशन गुम मोबाइल चलाकर पिछले 3 माह में 17 लाख 20 हजार के गुम हुए 97 मोबाइल फोन खोजकर उनके मालिकों के सुपुर्द किये है।
- खण्डवा में टी.बी. मुक्त भारत अभियान आयोजित किये जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के पर्यवेक्षण के लिए उप संचालक डॉ. तेज बहादुर सिंह ने कई केन्द्रों का निरीक्षण किया।
- एम्स भोपाल में मध्य प्रदेश के मेडिकल अधिकारियों की कौशल बढ़ाने के उद्देश्य से गंभीर तीव्र कुपोषण प्रबंधन पर दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- बालाघाट में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालें हम" पर जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

- रायसेन के सांची मार्ग पर स्थित जिला अस्पताल में आधुनिक सुविधाओं से लैस मेडिकल मोबाइल यूनिट को पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- गुना जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर स्कूल बंद कर त्योहार मनाने वाले चार शिक्षक-शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया गया है।

  और

- नर्मदापुरम में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन सुरक्षा के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री कल प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को भी संपत्ति कार्ड करेंगे वितरित ।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज की मध्यप्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों पर अमल की समीक्षा ।
- सीहोर में शुरू हुआ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, उपचार के साथ शोध के भी इंतजाम ।
- क्रिकेट खिलाड़ी टीम के दौरों पर अब न तो परिवार ले जा सकेंगे और न ही  निजी कर्मचारी, बोर्ड ने लगाया प्रतिबन्ध।

-------------------